भारत सरकार
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 663
28 नवम्बर, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

राष्ट्रीय राजधानी में मल्टी लेवल पार्किंग

663. सुश्री बाँसुरी स्वराजः

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी में विशेषकर बाजार क्षेत्रों में वाहन पार्किंग के गंभीर मुद्दे का संज्ञान लिया है;

(ख) यदि हां, तो क्या समस्या की व्यापकता का आकलन करने के लिए कोई अध्ययन कराया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार का विचार इस गंभीर मुद्दे का समाधान करने के लिए राष्ट्रीय राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों में मल्टी लेवल पार्किंग का निर्माण करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री
(श्री तोखन साहू)

(क) से (ग) दिल्ली में मार्केट एरिया सहित पार्किंग सुविधाओं का निर्माण और प्रबंधन संबंधित शहरी स्थानीय निकायों और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार द्वारा किया जाता है। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने सूचित किया है कि दिल्ली में पार्किंग की समस्या को कम करने के उद्देश्य से समय-समय पर भूतल पार्किंग सुविधाओं की स्थापना के लिए नई साइटों की पहचान करने के लिए सर्वेक्षण किया जाता है। साथ ही, वाहन पार्किंग की समस्या को कम करने के लिए समय-समय पर मल्टीलेवल पार्किंग की आवश्यकता का आकलन किया जाता है। शहरी स्थानीय निकायों द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार दिल्ली में मल्टीलेवल पार्किंग सुविधाओं (शुरू हो चुकी और निर्माणाधीन) का विवरण इस प्रकार है:-

स्थानीय निकाय का नाम	शुरू हो चुकी	निर्माणाधीन
दिल्ली नगर निगम (एमसीडी)	27	2
नई दिल्ली नगर निगम (एनडीएमसी)	2	-
दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए)	-	2
दिल्ली छावनी बोर्ड (डीसीबी)	-	-

*****